हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–194 : जौनपुर, शनिवार 06 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## नवंबर के अंत से बच्चों को टेलबेट व स्मार्टफोन का वितरण करेगी सरकार : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : यूपी सरकार नवंबर के अंत से बच्चों को टेबलेट और स्मार्टफोन का वितरण करेगी। इस संबंध में जल्द से जल्द सूची तैयार करने का निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को टीम 9 को दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन बच्चों को स्मार्टफोन और टेबलेट दिए जाने हैं उन लोगों की लिस्ट समयबद्ध तरीके से विभाग बनाकर तैयार कर लें ताकि हम लोग नवंबर के अंत तक बच्चों को स्मार्टफोन और टेबलेट वितरण करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर सकें। यह योजना यूपी चुनाव के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वह शनिवार को टीम 9 के साथ प्रदेश की कोविड की स्थिति व टीकाकरण की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति के सही क्रियान्वयन से प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। प्रदेश के 41 जिलों में आज एक भी संक्रमित नहीं हैं, जबकि 17 जिलों में 01–01 मरीज ही शेष हैं। बीते 24 घंटों में हुई 72 हजार 969 सैम्पल की जांच हुई। जांच में कुल 07 संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 15 संक्रमित कोरोना मुक्त भी हुए। आज प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 83 है, जबकि 16 लाख 87 हजार 207 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। विश्व के अनेक देशों में सहित देश के कई राज्यों में नए संक्रमित मिलने की संख्या में बढोतरी हो रही है। ऐसे में हमें बहुत सतर्कता–सावधानी की जरूरत है। दूसरे प्रदेशों से उत्तर प्रदेश आ रहे हर व्यक्ति की जांच जरूर की जाए। बस, रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है। कोविड प्रोटोकाल व मास्क की अनिवार्यता को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उत्तर प्रदेश में अब तक 13 करोड़ 28 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। 03 करोड़ 37 लाख 70 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है। जबकि 09 करोड़ 90 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी के 67 फीसदी लोगों ने पहली डोज प्राप्त कर ली है। पहले डोज के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करने की अनिवार्यता समाप्त करते हुए क्लस्टर 2.0 की



नीति के साथ टीकाकरण को और तेज करने की जरूरत है। 25 से 30 लाख लोगों को प्रतिदिन वैक्सीन लगाए जाने का लक्ष्य रखा जाए मुख्यमंत्री योगी ने आदेश दिया कि अगले दो महीने में 25 से 30 लाख लोगों को प्रतिदिन वैक्सीन लगाए जाने का लक्ष्य रखा जाए। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य इसकी तयारी करें और प्रदेश के सभी सीएमओ के साथ बैठक कर कार्यवाही को तेज करे। हर हाल में वैक्सीन की कार्यवाही को तेज करना है। कानपुर में जीका वायरस से संक्रमण तेजी से फैल रहा है। ऐसे में विशेष सतर्कता की जरूरत है। डेंगू की टेस्टिंग और तेज की जाए। अस्वस्थ लोगों के उपचार के लिए सभी अस्पतालों में प्रबंध किए गए हैं। हर एक मरीज के स्वास्थ्य की सतत निगरानी की जाए। सर्विलांस को बेहतर करने की जरूरत है। बचाव के लिए व्यापक स्वच्छता, सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य सतत जारी रखें। निगरानी समितियों का पूरा सहयोग लिया जाए। प्रदेश में निवेश कर रहीं औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। ऐसे सभी प्रकरणों की गहन समीक्षा कर यथाशीघ्र यथोचित समाधान किया जाए। प्रदेश में खाद्यान्न वितरण की घोषणा के बाद प्रोक्योरमेंट की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाया जाए ताकि समयबद्ध तरीके से हम लोगों को राशन दे सके।

## हाथियों ने दो घंटे जमकर मचाया उत्पात : चार घर ढहाए, रखे अनाज को भी कर दिया बर्बाद

बहराइच ब्यूरो : कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट व निशानगाढ़ा रेंज में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। चार ग्रामीणों के आशियाने ढहा दिए। घर में रखे अनाज को भी बर्बाद कर दिया। घर में मौजूद ग्रामीणों ने भाग कर किसी तरह जान बचाई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों व ग्रामीणों ने गोला दागा तब जाकर हाथी जंगल की ओर गए। हाथियों की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत है। कतर्नियाघाट जंगल रेंज के कैलाशनगर गांव में बुधवार रात भटक कर टस्कर हाथी पहुंच गया। गांव में पहुंचते ही हाथी ने उत्पात मचाना शुरू कर दिया। गांव निवासी कालावती पत्नी पंचम व रंगीलाल पुत्र छोटेकऊ के घर पहुंचा और सामान नष्ट करने लगा। दोनों ग्रामीणों के घरों को हाथी ने ढहा दिया। किसी तरह ग्रामीणों ने भाग कर जान बचाई। आसपास के लोग एकत्र हुए। सूचना पर रेंजर रामकुमार, वन दरोगा अनिल कुमार, वन रक्षक अब्दुल सलाम व वाचर रामनाथ मौके पर पहुंचे। वनकर्मियों व ग्रामीणों ने मिलकर गोले दागे। लगभग दो घंटे उत्पात के बाद हाथी जंगल की ओर चला गया। वहीं, निशानगाढ़ा रेंज के पिंजड़ा नवतोड़ गांव में भी हाथियों का झुंड पहुंचा। यहां अंतराम पुत्र रघु व खुशीराम के घर में घुसकर उत्पात मचाया। सामान तहत–नहस कर दिया। दोनों ग्रामीणों के घर को ढहा दिया। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पीपा बजाया और गोले दागे तब जाकर हाथियों का झुंड जंगल की ओर गया। हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में दहशत है। कतर्नियाघाट के डीएफओ आकाशदीप बधावन का कहना है कि गिरिजापुरी–लखीमपुर स्थित



घोसियाना मोड़ पर हाथी खड़ा थी। आने–जाने वाले ग्रामीणों को दौड़ाता रहा। करीब 15 मिनट तक हाथी ने उत्पात मचाया। राहगीर सहमे रहे। हाथी के जंगल में जाने के बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली। कतर्निया व निशानगाढ़ा रेंज में हाथियों के उत्पात मचाने की घटना संज्ञान में आई है। मौके पर अधिकारियों व कर्मचारियों को भेजा गया है। ग्रामीणों के नुकसान का आकलन करने के बाद मुआवजा दिलाया जाएगा।

## भाई की हत्या के आरोपी को मारने के लिए दरोगा ने दी थी सुपारी : गिरफ्तार किए गए शूटर

गोंडा ब्यूरो : आजमगढ़ के पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी है कि गोंडा जिले के कौडिया थाने में तैनात दारोगा अखिलेश यादव ने हत्या की सुपारी दी है। दरोगा अखिलेश यादव ने गोंडा से आजमगढ़ भाई के हत्यारोपी की हत्या करवाने के लिए तीन शूटर भेजे थे। आजमगढ़ पुलिस ने गोंडा निवासी तीनों शूटरों दीनानाथ यादव, डफली यादव और देवेंद्र नाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों के पास से 2 अवैध तमंचे, कारतूस, एक मोटरसाइकिल और 2000 रुपए बरामद हुए हैं। 2020 में रंजिश में दारोगा अखिलेश यादव के भाई की हत्या हुई थी। गोंडा में तैनात दरोगा अखिलेश यादव को हिरासत में लेने के लिए आजमगढ़ पुलिस गोंडा रवाना हो चुकी है। दरोगा के खिलाफ कार्रवाई के लिए आजमगढ़ के एसपी ने गोंडा के एसपी को पत्र लिखा है। आजमगढ़ एसपी अनुराग के मुताबिक अपने भाई के हत्यारे को मारने के लिए दारोगा अखिलेश ने 20 हजार रुपये में सुपारी दी थी।

## खजनी का होनहार छात्र आर्यन वर्मा नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का नाम

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : गोरखपुर जनपद के दक्षिणांचल में खजनी का होनहार छात्र आर्यन वर्मा ने नीट की परिक्षा पास कर सम्मान बढ़ाया है। छात्र की सफलता पर परिजनों व शुभचिंतकों ने मिठाई खिलाकर आशुतोष मैरेज हाल के प्रांगण हाल में सम्मानित किया। गोरखपुर जनपद के खजनी कस्बे में स्वर्णकार राजेश कुमार का बेटा खजनी का नही जनपद के नाम रोशन किया। खजनी का होनहार छात्र आर्यन बर्मा 98.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नीट परीक्षा पास किया है। विकास खंड खजनी के खुटभार निवासी आर्यन वर्मा पुत्र राजेश वर्मा ने नीट की परीक्षा में 98.89 प्रतिशत अंक पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शुरू से ही मेधावी रहे आर्यन वर्मा ने प्रारम्भिक शिक्षा जहां गांव में रहकर प्राप्त की थी। हाई स्कूल लिटिल फ्लावर गीडा से पास किया। बारहवीं कक्षा पास के बाद नीट के तैयारी में लग गए। कोरोना के दंश के बीच कोटा में रहकर तैयारी किया। आज खजनी के होनहार छात्र के सफलता पर खजनी के स्वर्णकार व्यापारी रामजी बर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता महेश दूबे इंस्पेक्टर खजनी सन्तोष कुमार



सिंह, उपनिरिक्ष अरविंद कुमार राय, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष नवीन कुमार श्रीवास्तव, प्रधान खुटभार अरविंद जायसवाल, अनिल बर्मा, सहित कस्बे के सभी ब्यापार मंडल होनहार छात्र को समानित कर माल्यर्पण किए। कार्यक्रम में, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, स्वर्ण व्यापार खजनी अध्यक्ष रामबृक्ष वर्मा, विजय भारतीया, सहित खजनी के सर्वाधिक व्यापारी मौजूद रहे।

## युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास : 20 साल से चल रहे संपत्ति विवाद में सुनवाई न होने पर उठाया कदम

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर शनिवार सुबह उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र के मलझा गांव निवासी महेश ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। महेश को आग की लपटों से घिरा देख पुलिसकर्मियों ने कंबल डालकर आग पर काबू पाया। महेश को गंभीर हालत में सिविल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। महेश ने हसनगंज तहसील, चकबंदी के अधिकारी और कर्मचारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। हजरतगंज चौराहे पर शनिवार सुबह एकाएक आग की लपटों से एक युवक को घिरा देख अफरा–तफरी मच गई। चौराहे पर यातायात रुक गया। चौराहे पर मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों ने कंबल डालकर आग पर काबू पाया और युवक को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां होश में आने पर उसने बताया कि वह उन्नाव जिले के हसनगंज क्षेत्र के मलझा गांव का रहने वाला महेश है। इंस्पेक्टर हजरतगंज श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि महेश साइकिल से सुबह हजरतगंज चौराहे पर पहुंचे थे। पैतृक संपत्ति को लेकर महेश का परिवार के ही सुखलाल से करीब 20 साल से विवाद चल रहा है। सीओ चकबंदी के यहां उनका मामला लम्बित है। महेश के मुताबिक वह इस संबंध में उन्नाव के डीएम से लेकर अन्य अफसरों को प्रार्थनापत्र दे चुके हैं पर कोई सुनवाई नहीं हुई। विपक्षी सुखलाल आए दिन उसे धमकाता है। वहीं, पत्नी ने बताया कि महेश की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं है। उसका आशियाना क्षेत्र स्थित एक अस्पताल से इलाज चल रहा है। बीते कुछ समय पहले वह प्रधानी का चुनाव भी लड़ा था। उसमें उसे सात मत मिले थे। इसको लेकर वह परेशान था उसका रुपया भी काफी खर्च हो गया था। तभी से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उन्नाव पुलिस को दी गई मामले की जानकारी। एडीसीपी (मध्य) राघवेंद्र मिश्र ने बताया कि मामले की जानकारी उन्नाव पुलिस और प्रशासन को दे दी गई है। महेश की हालत नाजुक बनी हुई है। उधर, महेश के हजरतगंज चौराहे पर आत्मदाह के प्रयास की सूचना मिलते ही उन्नाव से इंस्पेक्टर हसनगंज महेश चंद्र, सीओ राजकुमार शुक्ला और तहसील प्रशासन के अधिकारी उसके गांव पहुंचे। उन्होंने वहां से पूरे मामले की जानकारी हासिल की है।

## चित्रगुप्त की शोभायात्रा में उमड़ी भीड़ : विधि विधान से हुई पूजा फिर निकाली चित्रगुप्त की शोभायात्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थों के आराध्य देवता भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की जन्मोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी की एक भव्य शोभायात्रा रूहट्टा स्थित मंदिर से हाथी घोड़ा पालकी बैंड बाजा के साथ निकाली गई। इससे पूर्व रूहट्टा स्थित चित्रगुप्त जी के मंदिर पर विधि–विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर शोभा यात्रा प्रारंभ किया गया। रथ पर भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज खुद विराजमान थे उनकी विराट प्रतिमा शोभायात्रा में चार चांद लगा रही थी।शोभा यात्रा रूहट्टा मंदिर से उठ कर नगर के प्रमुख मार्गो ओलन्दगंज ,चहारसु चौराहा कोतवाली चौराहा होते हुए उर्दू बाजार स्थित बारी नाथ मठ में पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में भारी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों के अलावा अन्य विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी शामिल होकर भगवान की पूजा अर्चना किया। इस दौरान समाजसेवियों नगर के प्रतिष्ठित व्यापारियों व प्रदेश राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव द्वारा जगह जगह पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा को देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी रही मंदिर में पहुंचने के उपरांत भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की विधिवत आरती और पूजन किया गया। तदुपरांत भजन सम्राट गायक पंकज सिन्हा द्वारा विभिन्न प्रकार के भक्ति में गीत प्रस्तुत किए गए जिससे भक्तजन और श्रोता ओतप्रोत होते रहे तदुपरांत आयोजित साबूज में लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रदेश प्रवक्ता विश्व का श्रीवास्तव दीपक राकेश श्रीवास्तव असलहा बाबू प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव सभासद वरिष्ठ चिकित्सक व संरक्षक डॉ मनमोहन श्रीवास्तव डॉक्टर रजनीश श्रीवास्तव बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव डॉ रजनीश श्रीवास्तव डॉ स्मिता श्रीवास्तव प्रदेश सचिव आलोक वर्मा पूर्व प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, शरद श्रीवास्तव, हरीश चंद्र श्रीवास्तव, महाराज विवेकानंद जी महाराज भानु श्रीवास्तव युवा जिला महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव महिला जिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रतिमा श्रीवास्तव महामंत्री प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू प्रियंका श्रीवास्तव,कार्यक्रम में आये हुए लोगो का जिला महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया व मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव ने आभार जताया।

## लक्ष्मी पुजा में अश्लील गाने को रोकना एक परिवार को पड़ा भारी

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : प्राप्त जानकारी के अनुसार खोराबार थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में राजाराम चौधरी के घर के सामने ही गाँव के कुछ लोग लक्ष्मी जी का मुर्ति रखा है बिती रात शराब के नशे में गाँव के कुछ लोग डिजे पर अशलील गाना बजाकर नाचने लगे तो राजाराम चौधरी ने विरोध किया और कहा कि घर मे महिला व बच्चे हैं कृपया गाने को बन्द कर दे इसी बात पर मनबढो ने मारने पिटने लगे मन बढो का तांडव इस कदर रहा कि महिला घर में सो रहे बच्चे व जानवर को भी नहीं बक्शा इतने से नहीं जी भरा तो घर का सिमेंट सिट व सिलाई मशीन और मोटरसाइकिल को भी तोड दिया मन बढो ने सैकड़ों ईट पत्थर चलाया कि छत व टिन सेट पर इट बिखरे पड़े है पिडित ने इसकी जानकारी 100 नम्बर को दिया मौके पहुंची पुलिस ने पिडित व उनके बच्चे को लेकर थाने गई और थाने खोराबार अस्पताल ले गई प्रथमीक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहाँ पिडित का ईलाज चल रहा है।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

–संपादक

## 9 नवंबर तक स्टूडेंट्स के रोल नंबर अपलोड होंगे : डेढ़ घंटे का होगा पेपर

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने क्लास 10 और 12 टर्म 1 एग्जाम 2021 को लेकर कुछ जरूरी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। CBSE के मुताबिक स्टूडेंट्स के रोल नंबर 9 नवंबर तक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही परीक्षा अवधि भी 90 मिनट का तय किया गया है। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए परीक्षा सामान्य रूप से 10.30 के बजाय दिन के 11.30 बजे से शुरू होगी। परीक्षा से पहले क्वेश्चन पेपर पढ़ने के लिए 15 मिनट की जगह 20 मिनट का समय दिया जाएगा। बता दें कि 10वीं की परीक्षा 17 नवंबर 2021 और 12वीं की परीक्षा 16 नवंबर 2021 से शुरू होगी। ग्रुप वाइज होगी परीक्षा CBSE के मुताबिक, CBSE 12वीं में 114 और 10वीं में 75 सब्जेक्ट्स ऑफर कर रहा है। यदि सभी विषयों की परीक्षा आयोजित की जाती है तो परीक्षा की पूरी अवधि लगभग 45–50 दिनों की होगी। इसलिए CBSE भारत और विदेशों में सभी एफिलिएटेड स्कूलों में डेट शीट तय करके विभिन्न विषयों की परीक्षा आयोजित करेगा। स्टूडेंट्स के समय का नुकसान रोकने के लिए बोर्ड कई विषयों की परीक्षा ग्रुप वाइज लेगा। सिर्फ प्रमुख विषयों की परीक्षा नियमित रूप से ली जाएगी। प्रमुख विषय हैं– क्लास 10 के मुख्य विषयः हिन्दी कोर्स ए, मैथ्स स्टैंडर्ड, होम साइंस, हिन्दी कोर्स बी, साइंस, सोशल साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन्स, इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर, मैथ्स बेसिक। क्लास 12 के मुख्य विषयः हिन्दी इलेक्टिव, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, ज्योग्रफी, इकोनॉमिक्स, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी, मैथ्स, फीजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, फिजिकल एजुकेशन, बिजनेस स्टडीज, अकाउंटेंसी, होम साइंस, इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस (न्यू), कंप्यूटर साइंस (न्यू), इंग्लिश कोर, हिन्दी कोर।

## इस्तीफा देने वाले सपा विधायक को पुलिस ने उठाया : सिविल अस्पताल में भर्ती कराया

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के हजरतगंज गांधी प्रतिमा के समक्ष अनशन कर रहे समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक राकेश प्रताप सिंह को रात में पुलिस ने उठाया। उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। उन्हें ड्रिप लगाई गई है। गौरीगंज विधायक



राकेश प्रताप सिंह ने अपने क्षेत्र की दो सड़कों का निर्माण नहीं कराए जाने से क्षुब्ध होकर विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उन्होंने दो दिन तक धरना दिया और फिर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। शुक्रवार शाम उनकी हालत बिगड़ गई। रात करीब 10:00 बजे पुलिस मौके पर पहुंची और अनशन खत्म करने को कहा। लेकिन विधायक अपनी जिद पर अड़े रहे। इस पर पुलिस ने रात करीब 1:00 बजे उन्हें जबरन उठाया और सिविल अस्पताल में भर्ती करा दिया। अस्पताल में उन्होंने ड्रिप लगवाने से मना कर दिया। आरोप है कि उन्हें जबरन ड्रिप लगाई गई। अभी वह बेहोशी की स्थिति में है।

## रेल पटरी पार करते समय इंजन की चपेट में आकर एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शनिवार को सुबह 11 बजे रेलवे क्रासिंग पर करते समय इंजन की चपेट में आकर रिश्तेदारी में जा रहे एक ही परिवार के चार लोगों की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस दुर्घटना में घायल सात साल के बालक की घटना के दो घंटे बाद इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। अलनाभारी व विल्वहरिघाट रेलवे स्टेशन के बीच मानव रहित रेलवे क्रासिंग पर हुई दुर्घटना जिले के थाना महाराजगंज के गांव रामपुर पुआरी के रामचंद्र निषाद 42, उनकी पत्नी विमला 40, पुत्र गणेश 03 व बालकृष्ण 07 बाइक से रिश्तेदारी के लिए निकले थे। यह परिवार अलनाभारी व विल्वहरिघाट रेलवे स्टेशन के बीच मानव रहित रेलवे क्रासिंग पर जैसे ही पहुंचा उसी समय गुजर रही इंजन की चपेट में बाइक आ गई। पीड़ित परिवार को सहायता देने के लिए अधिकारियों को इस प्रकरण की जानकारी दी।भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने बताया कि दुर्घटना का शिकार निषाद परिवार बहुत ही गरीब हैं। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताकर पीड़ित परिवार को सहायता देने के लिए अधिकारियों को इस प्रकरण की जानकारी दी है। इस घटना को सुनकर पूरे गांव सहित आसपास के लोगों में गहरा दुख बना हुआ है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*किसी की बुरी व अच्छी बात सुनकर घृणा भाव आना, यह भी परमत है–*

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## कोरोना कालः भामाशाह बनिए, कुलोचनाशाह नहीं

किसी भी समाज व राष्ट्र पर जब संकट के बादल मंडराने लगते हैं, तब उसका नेतृत्व करने वाले राष्ट्रप्रेमी, धर्मानुरागी व शूरवीर राष्ट्रपुरुष की हर तरह से मदद करना हरेक व्यक्ति का आपद धर्म समझा जाता है। वर्तमान कोरोना महामारी के प्रकोप से उपजी भयावह और विडम्बनापूर्ण परिस्थितियों के बीच स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरकारी व निजी प्रशासकों तथा देश–प्रदेश के राजनीतिक व प्रशासनिक नेतृत्व के कार्यकलापों का आकलन जब हमलोग करते हैं, तो हमें उपर्युक्त बातों को सदैव स्मरण में रखना चाहिए। क्योंकि समकालीन लोकतंत्र में आलोचनाशाह, समालोचनाशाह व कुलोचनाशाह बनना तो बहुत आसान है लेकिन सामर्थ्यवान होते हुए भी इतिहास पुरुष दानवीर भामाशाह की तरह उदार और दूरद्रष्टा बनना बिल्कुल कठिन। किसी भी महामारी अथवा राष्ट्रीय व सामाजिक आपदा के समय प्रबुद्ध लोग यदि अपेक्षाकृत धनी–मानी–गुणी लोगों को दानवीर महापुरुष भामाशाह के आदर्शों पर चलने के लिए अभिप्रेरित करें, तो समाजसेवा की दिशा में यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। क्योंकि किसी भी आपदा से पार उतरना सामूहिक प्रयत्नों से ही सम्भव होता है, ऐसे एक नहीं बल्कि कई उदाहरण हमारे इतिहास में भी भरे पड़े हैं। ऐसे में हर किसी के भी मन में यह सवाल जरूर उभर रहा होता है कि आखिरकार मध्यकालीन इतिहास के अद्भुत पात्र दानवीर भामाशाह में वो क्या विशेषताएं रही होंगी, जिससे कि पांच सौ साल बाद भी एकबार फिर वैसी ही संकटापन्न परिस्थितियों में उनके पुनः प्रासंगिक होने की चर्चा करने को हमलोग विवश हो जाते हैं। जान लीजिए कि देश की रक्षा के लिए शूरवीर महाराणा प्रताप के चरणों में अपनी सब जमापूंजी अर्पित करने वाले दानवीर भामाशाह का जन्म अलवर, राजस्थान में 29 अप्रैल 1547 को हुआ था। उनके पिता भारमल्ल तथा माता कर्पूर देवी थी। बताया जाता है कि भारमल्ल, राणा सांगा के समय रणथम्भौर के किलेदार थे। हल्दी की घाटी के युद्ध के बाद एक समय ऐसा भी आया जब शूरवीर महाराणा प्रताप के पास आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिससे धनाभाव के कारण उनका अतुलनीय शौर्य, त्याग व बलिदान भी अपने राष्ट्र तथा धर्म को बचाने के लिए वह शक्ति संगठित नहीं हो पा रही थी, जिसकी उन्हें काफी दरकार थी। भले ही शूरवीर महाराणा प्रताप पुनः संगठित होकर अपने बरला एवं मेवाड़ को जीतने की मंशा अपने मनकमल एवं आंखों में संजोए हुए थे। इसके लिए वे जंगल–जंगल छुप कर अपनी शक्ति को पुनः अर्जित करना चाह रहे थे, ताकि फिर से अतीत का गौरव प्राप्त कर अपनी राष्ट्रीय सीमाओं और धर्म की रक्षा करने में सफल हो सकें। कहा जाता है कि दानवीर भामाशाह को जब शूरवीर महाराणा की आर्थिक स्थिति की जानकारी किसी माध्यम से मिली, तो उन्होंने अपनी एवं अपने पूर्वजों की समस्त पूंजी को पराक्रमी महाराणा प्रताप के कदमों में निजधर्म एवं अपनी जन्मभूमि की रक्षा के लिए समर्पित करते हुए दान कर दी। इतिहास साक्षी है कि उनसे प्राप्त धनबल पर शूरवीर महाराणा प्रताप ने अपनी सेनाओं को पुनः सुदृढ़ कर अकबर की आक्रमणकारी सेना को परास्त कर न केवल अपनी जन्मभूमि को स्वतंत्र कराया बल्कि निर्भयतापूर्वक स्वधर्म की रक्षा भी की। यही वजह है कि दोनों महापुरुष इतिहास में अमर हो गए। अमूमन हमारे राष्ट्रीय व सर्वांगीण सामाजिक सरोकार के प्रति अतीतकाल में जिस किसी भी महान व्यक्ति ने अपना अमूल्य योगदान दिया, यह विनम्र राष्ट्र अपने ऐसे नायकों को सदैव सर माथे पर बिठा कर रखता आया है। ऐसे गिने चुने लोग हमारी लोकसंस्कृति में भी लोकगाथाओं के माध्यम से रचे–बसे हुए हैं। ऐसे नागरिकों की ख्याति देश की युगीन व भौगोलिक सीमाओं से परे भी सदैव ही प्रासंगिक बनी हुई है। चाहे राजा शिबि हों या महर्षि दधीचि, राजा बलि हों या रघुवंश शिरोमणि राजा दशरथ, महादानी कर्ण हों या भीष्म पितामह, महापराक्रमी परशुराम हो या सत्यवादी हरिश्चंद्र आदि, ऐसे तमाम राजा, महाराजा, तपस्वी, मुनि, ज्ञानी, दानी हुए जिन्होंने अपने शौर्य, पराक्रम, तप, त्याग व बलिदान से वक्त वक्त पर देश व समाज का मार्गदर्शन किया। हम भारतीय जन अपने इतिहास के ऐसे ही दानवीरों, सत्यनिष्ठा, प्रतिज्ञा व ईमानदारी पूर्वक राष्ट्रहित में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले राजाओं, महाराजाओं, ज्ञानियों व शूरवीरों के बारे में पढ़कर असीम ऊर्जा प्राप्त करते आये हैं। दरअसल, इस कलियुग में आलोचनाशाह, समालोचनाशाह, कुलोचनाशाह बनने को बहुतेरे लोग आतुर हैं, परंतु सामर्थ्यवान होते हुए भी किसी में दानवीर भामाशाह के आदर्शों पर चलने की लालसा बहुत कम रहती है। सुकून की बात यह है कि सामाजिक सरोकार के प्रति भावना जागृत करने के लिए आधुनिक युग के ऐसे औद्योगिक घराने भी आगे आए हैं, जिन्होंने इसी समाज से अपने व्यवसायों को स्थापित किया एवं आज धनकुबेरों की श्रेणी में गिने जाते हैं। ऐसे लोगों ने अपने परिश्रम, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासनप्रियता तथा अनवरत रूप से अपने कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से अपने अपने औद्योगिक घरानों को, अपने गुणवत्तापूर्ण अवदानों के बल पर आकाश की उन ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, जहां पर पहुंचने की बात हर कोई सोच भी नहीं सकता है। हालांकि, आज के परिवेश में वैसी स्थिति बिल्कुल नहीं है। अब तो लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत एक चुनी हुई लोकप्रिय सरकार है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय स्तर पर यशस्वी, त्याग की प्रतिमूर्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने प्रतिबद्धता व सुदृढ़तापूर्वक कोविड–19 जैसी महामारी का मुकाबला किया है। उन्होंने संक्रमण की आंधी से भारतीय नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है। अब भी वो जनहित में संपूर्ण संसाधनों के साथ रात दिन कार्य कर रहे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ की जनसंख्या को इस महामारी से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगे हुए हैं। उन्होंने प्रदेश की सेवा में उपलब्ध सभी संसाधनों को झोंक दिया है। उन्होंने 3 टी फार्मूला यानी टेस्टिंग, ट्रेसिंग एंड ट्रीटिंग के माध्यम से संक्रमण विस्तार को नियंत्रित कर लिया है। कहना न होगा कि पीएम व सीएम के नेतृत्व में देश–प्रदेश के नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए निरंतर चल रही जद्दोजहद व उससे उपजी अप्रत्याशित परिस्थितियों से जारी लड़ाई किसी न किसी दिन सकारात्मक मुकाम अवश्य हासिल करेगी। निर्विवाद रूप से कोरोना की दूसरी लहर का भयावह वातावरण 10 अप्रैल से 15 मई तक रहा। लेकिन इस अवधि में केवल जलती चिताओं से उठती मशाल के प्रतिबिंब ने सरकार, समाजसेवी व्यक्तियों या संस्थाओं को भी झकझोर कर रख दिया। जो परिभाषित कोरोना योद्धाओं हैं, उनके माध्यम से सरकार तत्परतापूर्वक इस लड़ाई को अपने पक्ष में करने की जतन लगाए हुए है। वहीं, अल्प समय में इसे हराने के लिए सरकार एकजुटता से कार्य करते हुए वैक्सीन, दवाई, अस्पताल प्रबंधन, ऑक्सीजन की आपूर्ति एवं आगे तीसरी लहर की पूर्व आगमन की तैयारियों में लगी हुई है, क्योंकि इसके प्रचार–प्रसार ने एक मौका दिया है। वाकई अभी सिर्फ संक्रमण की तीव्रता थमी है, पर इसकी भयावहता अभी भी बरकरार है। इसलिए इस लड़ाई में मजबूती से व योजनाबद्ध तरीके से कार्य योजना की आवश्यकता है। पृथ्वी पर कलियुग की अनेक कमियों, खामियों एवं व्यवहार परिवर्तन की नानाविध कहानियों के बावजूद कर्तव्यपरायणता, कार्यनिष्ठा, सामाजिकता, राष्ट्रीयता, मानवीयता के प्रति समर्पण व त्याग के माध्यम से सबकी सेवा करने के लिए आगे आने वाले नामचीन औद्योगिक घरानों व उनके नीतिनियन्ताओं की भी कमी नहीं है। उनकी सेवा के मद्देनजर आज हम उन्हें 'आधुनिक युग के भामाशाह' समझ सकते हैं। 'आधुनिक युग के भामाशाह' के रूप में रतन टाटा, अजीज प्रेमजी, मुकेश अंबानी, शिव नादर, नवीन जिंदल आदि जैसे धनी–मानी–गुणी लोग खुद आगे बढ़ कर आए हैं। लिहाजा इस अदृश्य प्राणघातक कोरोना वायरस रूपी शत्रु से लड़ाई के लिए हरेक गांवों, मुहल्लों, टोलों, वार्डों, कस्बों व नगरों में स्थानीय स्तर के 'भामाशाह' की भी दरकार है। आधुनिक युग में आप अपनी सामर्थ्य एवं क्षमता के अनुसार, मानवता की रक्षा के लिए ततपर वर्तमान कोरोना योद्धाओं व उनके सेनापतियों का अमूल्य सहयोग कर आधुनिक भामाशाह बनें। वहीं, सरकार को भी चाहिए कि यदि किसी विषय वस्तु की तथ्यपूर्ण ढंग से आलोचना की जा रही है तो वह उन सबूतों पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करके अपनी वस्तुनिष्ठता का बोध देश व समाज को कराने से नहीं हिचके। हालांकि तथ्यहीन आलोचना तो कतई मान्य नहीं होनी चाहिए। वैसे भी अदृश्य शत्रु कोरोना वायरस से जारी लड़ाई में दानवीर भामाशाह की परंपरा में आने के लिए मात्र अकूत धन से ही सहयोग करने की जरूरत नहीं है, बल्कि कोई भी व्यक्ति अपनी योग्यता, मेधा, प्रबंधकीय क्षमता, व्यवस्था गत सहयोग एवं निर्भीक होकर कोरोना योद्धाओं की ऊर्जा को सकारात्मक बनाने के वास्ते निरंतरता पूर्वक सहयोग जैसे जितने भी विविध आयाम हैं, उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ सहयोग देकर उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं। यहां प्रख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला द्वारा रचित कालजयी कृति 'राम की शक्ति पूजा' में राम–रावण के उस युद्ध की याद आती है, जिसके स्मरण मात्र से ही रोम–रोम सिहर उठता है। कुछ भावपूर्ण पंक्तियां उद्धरण स्वरूप प्रस्तुत हैं– "है अमा निशा, उगलता गगन घन अंधकार। खो रहा दिशा ज्ञान, स्तब्ध है पवनचार।। अप्रतिहत गरज रहा पीछे, अम्बुधि विशाल। भूधर ज्यों ध्यान मग्न, केवल जलती मसाल।।"

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# कायस्थ समाज ने कलम–दवात संग श्री चित्रगुप्त का किया पूजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : श्री चित्रगुप्त सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा मोहल्ला खत्ता जमाल खां,शाहाबाद में चित्रगुप्त जयंती एवं सामूहिक कलम पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री चित्रगुप्त सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव के अनुसार सृष्टि में समस्त बौद्धिक कार्यो के आदि प्रणेता, प्राणियों के शुभाशुभ कर्मों की गणना करने वाले आदि कायस्थ चित्रगुप्त महाराज की जयंती शनिवार को कायस्थ समाज के लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया। चित्रांश समाज के लोगों ने पूरे विधि–विधान पूर्वक उनका पूजन–अर्चन किया। इसके साथ ही कायस्थों ने अपनी आजीविका के साधन कलम–दवात के प्रति भी निष्ठा एवं कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उसके प्रति शीश झुकाया।नगर समेत ग्रामीण अंचलों में शनिवार को कायस्थ समाज के लोगों ने अपने कुल देवता श्री चित्रगुप्त का श्रद्धा व उत्साह के साथ पूजन–अर्चन किया। मान्यता है कि बैकुंठ लोक में समस्त प्राणियों के शुभाशुभ कर्मो के अनुसार उनके कर्मफल का निर्धारण करने वाले भगवान चित्रगुप्त कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को प्रजापिता ब्रम्हा की 11 हजार वर्षों की अखंड तपस्या के फलस्वरूप लेखनी और मसिपात्र (दवात) लेकर उनकी काया से उत्पन्न हुए थे। इसी दिन पृथ्वी पर उनके वंशज कायस्थ समुदाय के लोग उनकी जयंती मनाते हैं।इसी के साथ ही वे अपनी आजीविका के प्रमुख साधन कलम व दवात की भी पूजा करते हैं। कायस्थ समाज ने सामूहिक पूजनोत्सव का आयोजन किया। इसमें दर्जनों कायस्थ




परिवारों ने आस्था, श्रद्धा व उत्साह के साथ भाग लिया।इस अवसर पर आचार्य अशोक अध्यक्ष शिव सत्संग मंडल,अम्बरीष कुमार सक्सेना( वरिष्ठ पत्रकार) योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना ,रोहित श्रीवास्तव,सन्दीप श्रीवास्तव,नन्हे लाल श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव गौरिया,आनन्द वीर श्रीवास्तव,सौरभ श्रीवास्तव,शोभित श्रीवास्तव,सत्येंद्र श्रीवास्तव रामवाटिका,आनन्द,कौशल कुमार श्रीवास्तव ,सोनू श्रीवास्तव उत्तम श्रीवास्तव,विनय श्रीवास्तव खत्ता ,ब्रजकिशोर श्रीवास्तव,श्याम मोहन श्रीवास्तव,राम राज श्रीवास्तव आगमपुर,गौरिया, कोड़रा सरैया,उधरनपुर आदि क्षेत्रों के गांवों में रहने वाले चित्रांश समाज के लोगों ने अपने आदि कुलदेव को नमन करते हुए कलम दवात की पूजा की और यज्ञ किया।

# लाठी–डंडे से पीटकर किसान की हत्या, आठ आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज : तीन गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : मलिहाबाद में रहीमाबाद इलाके के ग्राम सभा रुसेना मजरे जगाती खेड़ा गांव में गुरुवार रात गाली गलौज का विरोध करने पर किसान जगन्नाथ की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक के बेटे सुनील ने मलिहाबाद कोतवाली में आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मलिहाबाद इंस्पेक्टर नित्यानंद सिंह ने बताया कि गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे जगातीखेड़ा गांव में किसान जगन्नाथ (60) को पड़ोसी सुरेंद्र कुमार नशे में धुत होकर गालियां बक रहा था। जगन्नाथ ने विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए सुरेंद्र के साथ ही जयराम, ज्ञानू, शिवराम, सुजीत, ललिया, रंजीत व नोखे लाठी–डंडे लेकर आ गए। इन सभी ने मिलकर जगन्नाथ की जमकर पिटाई की। इससे जगन्नाथ का बायां हाथ टूट गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे सीओ मलिहाबाद योगेंद्र सिंह व चौकी इंचार्ज रहीमाबाद अमीर बहादुर सिंह ने जगन्नाथ को सीएचसी मलिहाबाद में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मलिहाबाद इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक जगन्नाथ के बेटे सुनील की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करके सुरेंद्र कुमार, जयराम, ज्ञानू निवासी जगाती खेड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीनों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजने के साथ ही फरार आरोपी शिवराम, सुजीत, ललिया, रंजीत और नोखे की तलाश की जा रही है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल : किसान जगन्नाथ के परिवार में पत्नी जग देई, तीन बेटे सुनील कुमार, बउवा, अमन और पांच बेटियां चंद्र कली ,रोशनी, सोनी ,फूलमती, कल्पना है। जगन्नाथ की हत्या से पत्नी और बेटे–बेटियों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# युवक की हत्या कर बाइक लूटी : काकोरी से बहन के घर जा रहा था राहुल


लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में माल में बहन के घर जाने के लिए निकले युवक की अज्ञात बदमाशों ने बल्ली से सिर पर हमला कर हत्या करके अपाचे बाइक लूट ली। पुलिस ने छानबीन की तो मृतक की पहचान काकोरी थाना क्षेत्र के जिल्हापुर गाँव निवासी राहुल पुत्र रामप्रसाद के रूप में हुई। सूचना पर एसपी ग्रामीण हृदेश कुमार ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौका मुआयना कर पूरे मामले की जानकारी लेने के साथ ही विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन के लिए पुलिस टीमें लगाईं हैं। काकोरी के जिल्हापुर गांव निवासी रिंकू ने बताया कि उसका छोटा भाई राहुल (32) गुरुवार रात नौ बजे माल के कोलवा गांव निवासी बहनोई सुनील के घर जाने की बात कहकर अपाचे बाइक से निकला था। शुक्रवार सुबह माल के कोलवा गांव के पास सड़क किनारे राहुल का शव मिला। मौके पर राहुल की बाइक नहीं मिलने से आशंका जताई जा रही है कि हमलावर ही बाइक लूट ले गए हैं। माल इंस्पेक्टर ने बताया कि जो पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में रिपोर्ट दर्ज करके विभिन्न बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है।

# भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि विश्व के कल्याण की कामना – " बसुधैव कुटुम्बकम "

आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें महासचिव डॉ राघवेन्द्र शुक्ला ने 'स्वच्छगोमती नगर, स्मार्ट गोमती नगर बनाने के लिये सबसे पहले विद्युत लाइनों को अण्डरग्राउण्ड किये जाने की मांग सरकार से की है। उन्होंने पदाधिकारियों से चर्चा के बाद बताया कि सभी विद्युत लाइनों को अण्डर ग्राउण्ड करने के लिये पावर कारपोरेशन से अनुरोध किया गया है। बिजली की कमी को दूर करने के लिये गोमती नगर के सभी मार्ग प्रकाश बिन्दुओं को एलईडी में बदला जाये। एलईडी लाइटें लगाने से नगर निगम को लाखों रूपये प्रति ऊर्जा की बचत होगी जिसे नगर निगम नगर के अन्य विकास कार्यों में लगा सकता है। गोमती नगर में अवैध डेयरियां और मुख्य सड़कों से कूड़ाघरों को हटाने की भी मांग की गयी। महासचिव ने बताया कि गोमतीनगर के निवासियों के लिये स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, विद्युत सुगम यातायात, सड़क व नालियों का निर्माण, नालों की सफाई, छुट्टा जानवरों से निजात, महिलाओं एवं नागरिकों को सुरक्षा के लिये सबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठकों का आयोजन करके कार्रवाई की जा रही है। बैठक में गोमती नगर में बन्दरों व आवारा कुत्तों के आतंक पर चिन्ता जतायी गयी। बैठक में महासमिति के डॉक्टर बी एन सिंह ,आलोक मिश्रा राजेश श्रीवास्तव, सी जी नायर, जेएन मिश्रा, एस सी महालिया, केके मौर्य, राम दयाल मौर्य, डॉक्टर पशुपति पांडे, डॉ राघवेंद्र शुक्ला, आर एन त्रिवेदी उपस्थित रहे। अन्त में महासमिति के अध्यक्ष डॉ. बीएन सिंह ने उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

# सड़क दुर्घटना के दौरान घायल युवक

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार : खजनी थाना क्षेत्र के छपिया गांव निवासी श्रवण पुत्र पुनवासी शनिवार को नंदपार पेट्रोल पंप के निकट आमी पुल के पास सड़क दुर्घटना में गम्भीर रुप घायल हो गया,ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने घायल युवक को खजनी पीएचसी पहुंचाया,जहा डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया घायल युवक झटके के



बीमारी से पीड़ित है वह बाइक द्वारा घर से खजनी जा रहा था इसी बीच आमी पुल के पास नियंत्रण खोने से सड़क पर गिर गया स्थानीय पुलिस ने प्राथमिक इलाज के लिए पीएचसी खजनी भेजा है जहां डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# वाराणसी में गाद और मलबे से पटे घाट, गंदगी साफ करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

वाराणसी ब्यूरो : चार दिवसीय सूर्य उपासना और आरोग्य सौभाग्य व सर्व सुख प्रदाता छठ व्रत आठ नवंबर से 11 नवंबर तक मनाया जाएगा। छठ पूजा में अब मात्र दो से तीन दिन ही बाकी रह गए हैं, मगर वाराणसी में प्रशासनिक स्तर पर तैयारी नाकाफी दिख रही है। घाटों की स्थिति अपनी दुर्दशा बयां कर रही है। गंगा का पानी घटने के बाद घाटों पर गाद और मलबा पड़ा है। अधिकारियों के मुताबिक, घाटों की सफाई का काम पहले ही समाप्त हो गया होता, लेकिन जलस्तर बढ़ने के कारण बाधा पैदा हो गई थी। ऐसे में छठ समेत आगामी दिनों में घाटों पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक आयोजन को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए घाट की सफाई नगर निगम प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है। अस्सी समेत विभिन्न घाटों पर गाद और मलबे ने छठ व्रतियों को चिंता में डाल दिया है। हालांकि कई घाटों पर साफ–सफाई का काम चल रहा है। लेकिन चार दिवसीय सूर्य उपासना के पहले दिन आठ नवंबर तक काम पूरा हो पाएगा या नहीं, इस पर अभी संशय है। हस साल छठ के मौके पर वाराणसी के घाटों पर भारी भीड़ उमड़ती है। 84 घाटों पर भक्त जुटते हैं। समय से घाटों को गाद मुक्त नहीं किया गया तो लोगों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है।8 नवंबर को तुलसी घाट पर नाग नथैया लीला। गंगा का जलस्तर घटने के बाद घाट किनारे गंगा द्वारा बहाकर लाई गाद और मलबा एकत्र होने से स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्सी घाट से लेकर भदैनी घाट तक मलबा पड़ा हुआ है। दीपावली के बाद 8 नवंबर को तुलसी घाट पर नाग नथैया लीला का आयोजन होगा। गंगा के जलस्तर में अचानक हुई बढ़ोतरी ने आयोजकों को चिंता में डाल दिया था, लेकिन गिरावट के बाद तैयारियों ने गति पकड़



ली है। आयोजन के सिलसिले में गत दिवस पुलिस कमिश्नरेट की ओर से अधिकारियों ने आयोजन स्थल का जायजा लिया और संकट मोचन महंत से जानकारी ली। महंत ने बताया कि मेला धूमधाम से होगा, तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नाग नथैया के बाद घाटों पर सूर्य उपासना का पर्व डाला छठ मनाया जाएगा। छठ पर्व का पुण्यकाल। ज्योतिषाचार्य विमल जैन के अनुसार इस बार चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व आठ नवंबर सोमवार से प्रारंभ होकर 11 नवंबर गुरुवार तक चलेगा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि सात नवंबर रविवार को शाम 4:23 से आठ नवंबर सोमवार को दिन में 1:17 तक, आठ नवंबर सोमवार को व्रत का प्रथम नियम संयम। कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि आठ नवंबर सोमवार को दिन में 1:17 से नौ नवंबर मंगलवार को दिन में 10:36 तक नौ नवंबर मंगलवार को द्वितीय संयम एक समय खरना। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि नौ नवंबर मंगलवार को दिन में 10:36 से 10 नवंबर बुधवार को प्रातः 8:26 तक 10 नवंबर बुधवार को व्रत के तृतीय संयम के अंतर्गत सायं काल अस्ताचल सूर्य देव को प्रथम अर्घ्य दिया जाएगा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 10 नवंबर बुधवार को 8:26 से 11 नवंबर गुरुवार को सुबह 6:50 तक रहेगा 11 नवंबर गुरुवार को 11 नवंबर गुरुवार को चतुर्थी एवं अंतिम संयम के अंतर्गत प्रातः काल उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर छठ व्रत का पारण किया जाएगा।

# बाइक समेत नहर में गिरने से सेना के जवान की मौत : दिवाली पर आया था घर

बलिया ब्यूरो : दीपावली पर घर आए सेना के जवान की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सभी का रो–रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के नेहता गांव निवासी सेना के जवान सुनील यादव (32) पुत्र दीनानाथ चौधरी दीपावली पर छुट्टी लेकर गांव आए थे। शुक्रवार शाम वे बाइक से सिकंदरपुर जाने की बात कह कर घर से निकले। काफी देर बाद घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों से खोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस बीच शनिवार तड़के टहलने निकले कुछ लोगों की नजर सिवान कला गेट के सामने नहर में पड़ी बाइक पर पड़ी। अनहोनी की आशंका में मौके पर भीड़ जमा हो गई। कुछ लोग बाइक को निकालने के लिए नहर में उतरे तो देखा कि उसके नीचे सुनील का शव दबा पड़ा है। बाइक और शव को बाहर निकाला गया। सूचना परिजनों को दी गई। गांव में पसरा



मातम। सुनील का शव मिलने की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। परिजनों में चित्कार मच गया। सुनील की पत्नी रजनी, पुत्री सृष्टि (8) और पुत्र रौनक (5) के साथ सुखपुरा थाना क्षेत्र के भलुहीं अपने मायके में हैं। परिजनों ने बताया कि पटियाला (पंजाब) में कार्यरत सुनील एक नवंबर को ही छुट्टी लेकर घर आए थे।

# पिता की मौत से अंजान मासूम अबूजर आखिर तक था साथ

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के सिविल लाइंस के मैरिस रोड चौराहे पर शुक्रवार देर रात हुई सनसनीखेज वारदात के मूल में जो भी रहा हो या हमलावर जो भी हों। मगर एक खास बात ये है कि पिता के साथ आखिरी समय तक रहा ढाई साल का मासूम अपने पिता की मौत से अंजान रहा। बेशक वह कार में सवार था। मगर उसे नहीं मालूम कि आखिर हुआ क्या? घटनास्थल से ही राहगीर उसे जेएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। बच्चे को इमरजेंसी के गेट पर कुर्सी पर बैठा दिया गया। वह वहां भी आराम से बैठा था। देर रात तक परिवार के सदस्य पहुंचे तब उसे अपने साथ लिया। आखिर मैरिस रोड चौराहे पर क्यों रुका था कमाल। चार भाइयों में सबसे छोटे कमाल खां देर रात के समय अक्सर घूमने निकलते थे। रात वे अपने छोटे बेटे अबुजर को व पड़ोसी किशोर को साथ ले गए थे। पड़ोसी किशोर को साथ ले जाने का मकसद बच्चे को संभालना रहा था। मेडिकल कॉलेज में मौजूद पड़ोसी किशोर ने बताया कि देर रात घर से चलकर इधर उधर घूमते हुए हम लोग मैरिस रोड पर पहुंचे। वहां कमाल भाई ने क्यों गाड़ी रोकी थी। उन्हें नहीं पता। वे कार में अंदर ही बैठे थे। इसी बीच अचानक लालडिग्गी की ओर से एक कार आई और उसमें सवार युवकों ने उतरकर वहां मौजूद लोगों से झगड़ना शुरू कर दिया। इसी बीच अचानक हमारी ओर आकर कमाल भाई को बाहर खींचकर गोली मार दी। चौराहे पर मौजूद पुलिस हमलावरों के पीछे दौड़ी । जिस वक्त ये घटना हुई, उस वक्त चौराहे पर पीआरवी खड़ी थी। उसमें पुलिसकर्मी मौजूद थे। जैसे ही उन्होंने फायरिंग का शोर सुना तो वे हरकत में आए। पुलिस को देख हमलावर अपनी कार



में सवार होकर लक्ष्मीबाई मार्ग की ओर से रामघाट रोड पर क्वार्सी की ओर भागे। इस पर पीआरवीकर्मी अपनी गाड़ी लेकर उनके पीछे दौड़े। इस बीच वायरलेस पर सूचना प्रसारित हो गई तो क्वार्सी पुलिस की जीप ने भी घेराबंदी का प्रयास किया। मगर हमलावर तेजी से निकल गए। पशु व्यापारी पर थे तीन मुकदमे। इस घटना में दो महत्वपूर्ण तथ्य देर रात सामने आए हैं। पुलिस रिकार्ड के अनुसार पशु व्यापारी पर देहली गेट थाने में 2016 व 2017 में तीन मुकदमे दर्ज हुए थे। मारपीट आदि के ये मुकदमे हैं। पिस्टल देख पीछे हटा स्कूटी सवार। प्रत्यक्षदर्शी स्कूटी सवार शहनवाज ने पुलिस को जानकारी दी है कि जब उससे कार सवारों का विवाद हुआ तो उसने उनकी ओवरस्पीड पर उन्हें रोका था। वे लक्ष्मीबाई मार्ग से लालडिग्गी की ओर चौराहे पर बिना रुके निकले थे। नशे में थे। वह खुद उनकी टक्कर से बचा। इस पर उन्हें इशारा देकर रोका तो उन्होंने झगड़ा करते हुए पिस्टल हाथ में ले ली। इस पर वह डर गया और पीछे हट गया। बाद में वे कुछ मिनट बाद ही वापस लौटे और उन्होंने फिर उसी स्पीड से गाड़ी चलाई। जैसे ही गाड़ी चौराहे पर आई तो कुछ लोगों से फिर उनका विवाद हुआ। इसी विवाद में उन्होंने यह हत्या की है।

## पुलिस आयुक्त के आवास पर आत्मदाह करने पहुंची दरोगा की पत्नी : पति के खिलाफ शिकायत नहीं सुने जाने से थी क्षुब्ध

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश के आवास पर शुक्रवार देर शाम एक दरोगा की पत्नी आत्मदाह के लिए पहुंच गई। हाथों में ज्वलनशील पदार्थ से भरी बोतल लेकर पहुंची महिला को पुलिसकर्मियों ने तत्काल पकड़ा और समझाते हुए शांत कराया। कैंट थाने पर महिला से पूछताछ की जा रही है। वहीं उसके पति को भी बुलाया गया है। महिला का आरोप है कि पति के खिलाफ कई बार प्रार्थना पत्र दिया है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुलिस लाइन स्थित वायरलेस विभाग में रेडियो ऑपरेटर उप निरीक्षक संदीप कुमार की शादी चन्दौली के बलुआ निवासी रेनू सिंह से हुई है। दोनों ने प्रेम विवाह किया है। आरोप है कि शादी के कुछ साल बाद से दोनों के बीच तल्खियां बढ़ गईं। इसी मामले की शिकायत लेकर पत्नी पुलिस आयुक्त आवास पर पहुंची हुई थी। पुलिस आयुक्त से मुलाकात नहीं होने की दशा में महिला ने आत्मदाह की चेतावनी देते हुए हंगामा शुरू कर दिया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने कैंट थाने को सूचित किया तो मौके पर फुलवरिया चौकी प्रभारी पहुंचे। महिला को समझा कर वहां से हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन महिला नहीं मानी। वह पुलिस आयुक्त से मिलकर प्रार्थना पत्र देने पर अड़ी रही। बाद में महिला कांस्टेबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक कैंट उसे थाने ले आए। पहले भी हो चुकी है कई बार पंचायत। महिला रेनू सिंह की डेढ़ दशक पूर्व संदीप कुमार सेक्शन रेडियो हाउस अफसर से बलुआ में परीक्षा के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों ने विवाह कर लिया। दोनों को दो बच्चे भी हैं। दोनों की पंचायत कैंट थाने में कई बार हो चुकी है। कैंट इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आत्मदाह की बात गलत है। महिला अपने पति के खिलाफ शिकायत पत्र लेकर पहुंची थी, थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

## जनता की समस्या सुनकर मौके पर ही उसका निराकरण कराया गया

जौनपुर सू.वि. : माननीय सांसद श्याम सिंह यादव द्वारा 6 नवंबर को मियांपुर स्थित कार्यालय पर सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे तक जनता की समस्या सुनकर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बात करके उसका निराकरण कराया गया तदुपरांत विधानसभा बदलापुर के ग्राम डेहुडा, इकडला, केवटली खुर्द, नीभापुर, कुधुवा, कैथौरा, परऊपट्टी, बहरीपुर खुर्द, खानपुर, दयालपुर, आहोपुर, सिरकिना, सीठापुर, सरायचंडी, करनपुर गांवो में जाकर लोगों की समस्याएं सुना और वहाँ पर साथ मे मौजूद विधानसभा अध्यक्ष रामनाथ गौतम व सेक्टर अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम, रमाशंकर गौतम और ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, लालचंद, सुरेश, दीपक सिंह, चंद्रभूषण यादव, रामजीत यादव एवं सम्मानित कार्यकर्ता व जनता उपस्थित रही।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद बोले– यूपी में जाम रहित यातायात के लिए सरकार प्रयासरत

प्रयागराज ब्यूरो : गोवर्धन पूजा के अवसर पर शुक्रवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने यमुना तट पर स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव का दर्शन, विधि–विधान से पूजन और रुद्राभिषेक किया। उन्होंने प्रदेश और देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना की। पूजन अर्चन के बाद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश में जाम रहित निर्बाध सड़क यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रयत्नशील है। प्रयागराज जनपद में कटेहरा–मसाढ़ी मार्ग के किलोमीटर नौ से मदारीपुर वीरीभीट मार्ग से नीमी मार्ग के चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने इसके लिए 46 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त किया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा रहा है। इस मौके पर शहर उत्तरी के भाजपा विधायक हर्षवद्धन



बाजपेयी, शहर अध्यक्ष गणेश केसरवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम काफी देर तक मंदिर में रहे। पुरोहितों ने विधि विधान से रुद्राभिषेक और पूजन कराया।

## जमीन के विवाद में चटकी लाठियां : चले ईंट–पत्थर एक की हालत गंभीर

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जिले के भलुअनी थाना क्षेत्र के चकजीवन मठियां गांव में जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में दो महिलाएं घायल हो गईं। जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, चकजीवन मठियां गांव में दीपावली के अगले दिन शुक्रवार की सुबह लल्लन यादव पुत्र रामअवध और उमेश यादव पुत्र आद्या यादव के घर के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। विवाद में चले ईंट–पत्थर, लाठी–डंडे में एक पक्ष से संजू देवी (40) पत्नी उमेश यादव और दूसरे पक्ष से मनभावती देवी (55) पत्नी भुल्लन यादव घायल हो गईं। घायलों को आनन – फानन इलाज के लिए ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने संजू को जिला अस्पताल और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि दीपावली की रात बच्चों में पटाखा फोड़ने को लेकर विवाद हो गया। किसी तरह मामला शांत हुआ। शुक्रवार को रस्सी लगाकर जमीन का बंटवारा किया जा रहा था। इसी बीच बात बिगड़ गई और मारपीट शुरू हो गई। घटना की जानकारी होने पर सीओ देवआनंद और भलुअनी पुलिस भी पहुंच गई। मौके से पुलिस आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर थाने गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली थी। जांच कराई जा रही है। दोनों पक्ष से हत्या के प्रयास का केस दर्ज। मठियां गांव में शुक्रवार की सुबह दो सगे पट्टीदारों में मारपीट के दौरान चले लाठी–डंडे और ईंट–पत्थर में दो महिलाएं घायल हो गईं, जबकि गांव में दहशत है। मामले में पुलिस ने एक पक्ष के उमेश की तहरीर पर सात नामजद, कुछ अज्ञात और दूसरे पक्ष के बृजेश की तहरीर पर सात नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ मारपीट, बलवा सहित कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

## लड़की भगाने के आरोप में युवक की पीट–पीटकर हत्या : छावनी में तब्दील हुआ गांव

महराजगंज ब्यूरो : महराजगंज जिले के फरेंदा क्षेत्र के एक गांव में लड़की भगाने का आरोप लगाते हुए आधा दर्जन ग्रामीणों ने शौच करने गए युवक को लाठी–डंडों से पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। गांव में पुलिस बल की तैनाती है। घटना को लेकर गांव वालों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार, फरेंदा थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की को दीपावली के दिन ससुराल से भगाने का आरोप लगाया गया था। जिसको लेकर मायका पक्ष के लोगों सहित गांव के कुछ अन्य लोगों ने गांव के ही सुरेंद्र उर्फ मटेलू की शुक्रवार सुबह शौच के लिए जाने के दौरान लाठी–डंडों से पीट–पीटकर अधमरा कर दिया। सूचना पाकर परिजन युवक को इलाज के लिए सीएचसी बनकटी ले गए। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। स्थानीय पुलिस पिता की तहरीर के आधार पर करीब 8 लोगों के खिलाफ मारपीट और बलवा का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी थी कि सूचना मिली कि पिटाई से घायल युवक की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना के बाद गांव के लोग उग्र होकर हंगामा करने लगे। गांव का माहौल गर्म होता देख पुलिस भी सक्रिय हो गई। सूचना मिलते ही सीओ फरेंदा सुनील दत्त दुबे के साथ सर्किल की तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराने में जुटी रही। शुक्रवार की देर शाम पुलिस अधीक्षक महराजगंज प्रदीप



गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस संबंध में सीओ फरेंदा सुनील दत्त दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर करीब नौ लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी है। मृतक के खिलाफ भी दर्ज है मुकदमा। पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से मायका पक्ष के कुछ युवकों पर विवाहिता को भगाने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में पुलिस ने विवाहिता के ससुर की तहरीर पर मायका पक्ष के तीन युवक संदीप, विजय व सुरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें मृतक सुरेंद्र के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया। गांव में दहशत का माहौल। युवक की हत्या के बाद गांव की स्थिति अत्यंत तनाव पूर्ण बनी हुई है। एहतियातन पुलिस की जगह–जगह तैनाती की गई है। ऐसे में गांव में दहशत है। लोग अपने–अपने घरो में दुबके हुए हैं।

## थाना शाहगंज पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्वेक्षण व प्रभारी निरीक्षक



शाहगंज नेतृत्व में थाना शाहगंज की पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना पर दबिश देकर 33 शीशी अवैध देशी शराब बरामद कर एक अभियुक्त जयप्रकाश पुत्र रामपलट नि0 हाजीरफीपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को गिरफ्तार कर अभियोग मु0अ0सं0–286/2021 धारा–60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराध पर अंकुश लगेगा। अभियुक्त का नाम पता– 1. जयप्रकाश पुत्र रामपलट नि0 हाजीरफीपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहासः– 1. मु0अ0सं0–286/2021 धारा–60 आबकारी अधिनियम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणः– 33 शीशी अवैध देशी शराब, गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.उ0नि0 रामदवन यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. का0 रिंकू कन्नौजिया थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 3.हो0गा0 रामकृपाल यादव थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 4. पीआरडी मदनलाल थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## मनाया गया बंदी छोड़ दिवस

आर एल पाण्डेय लखनऊ। बन्दी छोड़ दिवस श्री गुरू सिंह सभा, ऐतिहासिक गुरूद्वारा नाका हिन्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाम का विशेष दीवान 6.30 बजे रहिरास साहिब के पाठ से दीवान आरम्भ हुआ जो रात्रि 10.00 बजे तक चला। जिसमें हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी मे नाम सिमरन तथा शबद कीर्तन– 1.



दस्तगीर दीन दुनी दा पातसाह पातसाहां पातसाहा अडोला। हुइि पंज पीर हरि गुर हरि गोबिन्द अतौला। 2.दीवाली दी राति दीवे बालीअनि। गायन कर समूह संगत को निहाल किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने बन्दी छोड़ दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब श्री गुरू हरि गोन्बिद साहिब जी लोगों में नई जागृति लाने के लिये जगह–जगह धर्म प्रचार कर रहे थे तो कई दूसरे धर्मो के लोग भी सिख बनने लगे। गुरु जी ने अपने पिता की तरह दुखियों की सेवा करनी शुरु कर दी। सिखों की बढ़ती ताकत को देख कर जहांगीर ने हुक्म दिया कि गुरु जी को बन्दी बना कर ग्वालियर के किले मे कैद कर दिया गया। जहां 52 हिन्दू राजा भी कैद थे, गुरु जी उन राजाओं की हिम्मत बांधी गुरु जी से राजा बहुत प्रभावित हुए। भिन्न–भिन्न स्थानों पर जत्थे बनाकर सिख ग्वालियर पहुँचने लगे, मिलने की अनुमति न होंने के कारण लोग किले की दीवारों को माथा टेक कर वापस चले जाते। गुरु जी को बन्दी बनाने के विरुद्ध सिखों व गुरु घर के प्रेमियों में कई नेक दिल मुसलमानों ने भी आवाज उठायी इसके परिणाम स्वरुप जहांगीर को गुरु जी को रिहा करने का हुक्म देना पड़ा मगर गुरु जी ने रिहा होने से इन्कार कर दिया। गुरु जी ने कहा कि हम अकेले किले से बाहर नही जायेंगे अगर हमे रिहा करना है तो 52 हिन्दू राजाओं को भी रिहा करना होगा। जहांगीर को उन 52 हिन्दू राजाओं को रिहा करना खतरनाक लगने लगा उसने हुक्म जारी किया कि जितने गुरु जी का दामन पकड़ कर बाहर जायेंगे उन्हें छोड़ दिया जायेगा गुरू जी ने 52 कलियों वाला चोला(कुर्ता) बनवाया और रह राजा को एक–एक पकड़ाई और इस तरह गुरु जी उन 52 हिन्दू राजाओं को लेकर किले से बाहर निकले व उनका राजपाट वापस दिलवाया। तभी से गुरु जी को '' बन्दी छोड़ दाता'' भी कहा जाता है। गुरूद्वारा साहिब को बिजली का झालरों एवं दीप मालाओं एवं फूलों द्वारा सजाया गया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिह बग्गा जी ने समूह संगत को बन्दी छोड़ दिवस की बधाई दी। उसके उपरान्त गुरु का प्रसाद वितरित किया गया।

## जश्न रिट्रीट में मनाया जश्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के देवा रोड स्थित जश्न रिट्रीट में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की जिलाध्यक्ष एवं जश्न रिट्रीट



की प्रोपराइटर श्रीमती रेखा त्रिपाठी ने ब्राह्मण महासभा से जुड़े ब्राह्मणों ,विद्वानों, पंडितों एवं जश्न रिट्रीट के ग्राहकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण कर दीपावली, गोवर्धन पूजा,भैया दूज की शुभकामनाएं दी।। जश्न रिट्रीट के कर्मचारियों ने जश्न रिट्रीट को मनमोहक तरीके से सजाया जिसकी सभी लोगों ने प्रशंसा की।

## चंदनिया में दो पक्षों में विवाद पर हुआ पथराव

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के क्वार्सी क्षेत्र के चंदनिया वाल्मीकि बस्ती में शुक्रवार देर रात शराब के नशे में धुत एक युवक की हरकत पर दो पक्ष आमने–सामने आ गए। इस दौरान जमकर पथराव हुआ। खबर पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और चार लोगों को थाने ले जाकर बैठा दिया है। देर रात तक मामले में तहरीर आदि की प्रक्रिया चल रही थी। बताया गया है कि मोहल्ले का विकास नाम का युवक अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। तभी देर रात उसके पड़ोस का ही युवक नशे में धुत होकर आया और उससे अभद्रता करने लगा। इस बीच विरोध पर गाली गलौज व मारपीट तक कर दी। इसी बात पर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। इस दौरान दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ। पांच मिनट में ही इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। इसी बीच खबर पर क्वार्सी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख विवाद शांत हो गया। बाद में दोनों ओर से चार लोगों को पुलिस थाने ले गई। इंस्पेक्टर क्वार्सी के अनुसार फिलहाल पुलिस ने कुछ लोग हिरासत में लिए हैं। मौके पर पुलिस तैनात है। बाकी जो तहरीर मिलेगी, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। युवती को छेड़ने का विरोधा, मारपीट। महानगर के बन्नादेवी क्षेत्र के जेल रोड पर शुक्रवार देर रात युवती से छेड़खानी के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि गैर समुदाय के युवक मेहेर पैलेस के पास राह चलती एक युवती से छेड़खानी कर रहे थे। इसी बीच दो युवक बाइक पर निकल रहे थे। उन्होंने जब ऐतराज जताया तो आरोपी युवकों ने अपने कुछ अन्य साथी बुला लिए और इन युवकों के साथ मारपीट कर दी। इसे लेकर वहां हंगामी स्थिति बन गई। खबर पर इलाका पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस के आने पर हमलावर भाग गए। इस मामले में मानिक चौक कोतवाली के गोविंद वार्ष्णेय ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने कहा है कि वह अपने दोस्त संग होटल से खाना खाकर लौट रहे थे। तभी हमने युवकों को छेड़खानी करने पर टोका था। इस पर उन्होंने मारपीट कर दी। वे युवकों को सामने आने पर पहचान लेंगे।

## पटाखा फटने से युवक की उंगलियां उड़ीं

अलीगढ़ ब्यूरो : हाथ में पटाखा फटने से अकराबाद थाना क्षेत्र के नानऊ गांव निवासी बुजुर्ग की तीन उंगलियां उड़ गईं। बुरी तरह घायल बुजुर्ग को अकराबाद सीएचसी से मलखान सिंह जिला अस्पताल में रेफर किया गया है। गांधी नेत्र चिकित्सालय में बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त 6 बच्चों की आंखों का ऑपरेशन हुआ है। दो और गंभीर मरीज भर्ती हैं, जिनका ऑपरेशन करना पड़ सकता है। पटाखे से घायल 24 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में उपचार कराने पहुंचे। नानऊ गांव निवासी 70 वर्षीय शंकरपाल सिंह पुत्र नेत्रपाल सिंह शुक्रवार सुबह घर के बाहर पटाखे छोड़ रहे थे। इसी क्रम में एक बम उनके हाथ में फट गया, जिससे तीन उंगलियां उड़ गईं। नेत्रपाल सिंह को उपचार के लिए अकराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया था, जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद मलखान सिंह जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जख्मी हाथ लेकर एंबुलेंस से पहुंचे शंकरपाल सिंह का उपचार शुरू कर दिया गया है। शंकरपाल सिंह के पुत्र विपिन कुमार ने बताया कि उनके पिता प्रत्येक दीपावली में पटाखे छोड़ते हैं। कभी दुर्घटना नहीं हुई। इस बार पता नहीं कैसे दुर्घटना हो गई। रामघाट रोड स्थित गांधी नेत्र चिकित्सालय में पटाखा



फटने से जख्मी 19 लोग उपचार के लिए पहुंचे। गंभीर रूप से जख्मी छह बच्चों की आंख का ऑपरेशन करना पड़ा है। आगरा के बरहन निवासी रविंद्र कुमार (19) और हाथरस के बसौली निवासी 17 वर्षीय कबीर अस्पताल में भर्ती हैं। गांधी नेत्र चिकित्सालय के अधीक्षक मधुप लहरी ने बताया कि कुल 19 लोग उपचार के लिए आए थे, जिसमें से 8 लोग भर्ती हैं। बाकी को उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया। ज्ञानसरोवर निवासी जिला उद्योग केंद्र के कर्मचारी शैलेंद्र सिंह का पंजा बुरी तरह झुलस गया है। वह उपचार के लिए दीनदयाल अस्पताल में पहुंचे। मलखान सिंह जिला अस्पताल से दो लोगों को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जेएन मेडिकल कॉलेज में दो लोग भर्ती हैं।

## प्रतिमा–विसर्जन में मार्ग के चप्पे–चप्पे पर मुस्तैद रहेगी फोर्स : सीसी कैमरा व ड्रोन से होगी निगरानी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में दीपावली के अवसर पर स्थापित मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रतिमा–विसर्जन मार्ग पर जगह–जगह पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। सुरक्षा की दृष्टिकोण से शहर को 10 जोन और 30 सेक्टर में बांटा गया है। विसर्जन रूट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। विसर्जन स्थल पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। कोविड संक्रमण कम होने के बाद इस साल जिले में 1400 स्थानों पर देवी लक्ष्मी व विघ्नहर्ता भगवान गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। शनिवार की सुबह से इन प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो जाएगा। प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते समय किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसको लेकर जगह–जगह पुलिस की तैनाती की गई है। जोन के प्रभारी सीओ और इंस्पेक्टर होंगे जबकि सेक्टर का प्रभारी इंस्पेक्टर और दारोगा को बनाया गया है। विसर्जन में 15 इंस्पेक्टर, 120 दरोगा, 300 सिपाही, 60 महिला सिपाही की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से छह जगह फायर टेंडर लगाया जा रहा है। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। विसर्जन स्थल पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी।

## तमंचों सहित महिला दबोची : अन्य कई गिरफ्तार

अलीगढ़ ब्यूरो : महानगर के देहलीगेट इलाके में तमंचों की सप्लाई देने आई एक महिला को गिरफ्तार किया है। हालांकि महिला से पूछताछ में पुलिस बहुत कुछ नहीं उगलवा पाई है। मगर अब उसके मोबाइल की मदद से उसके गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह एक महिला को संदेह के आधार पर रोका और बैग की तलाशी ली तो उसमें सात तमंचे मिले। महिला की पहचान सराय मियां की नसीमा उर्फ कम्मो के रूप में हुई है। उसकी ससुराल सीमापुरी दिल्ली में है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार यह महिला तमंचे कहां से लाई और कहां देने जा रही थी। इस सवाल का जवाब तलाशने के प्रयास जारी है। ताकि उसके नेटवर्क तक पहुंचा जा सके। इधर, महुआ खेड़ा पुलिस ने ब्रजेश व तेजपाल को तमंचों सहित दबोचा है। सासनी गेट पुलिस ने जुआ खेलते में वैदिक विहार से तरुण व वेदप्रकाश को दबोचा है। रोरावर पुलिस ने चोरी के मोबाइल सहित अरमान व अकरम को दबोचा है। ऑटो में छूटा बैग पुलिस ने कराया बरामद। इंट्रीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर की मदद से पुलिस ने ऑटो में छूटा सामान परिवार को बरामद कराया है। गंगीरी के सूरजपाल सिंह दिल्ली से बृहस्पतिवार सुबह त्योहार मनाने आए और गांव जा रहे थे। गांधीपार्क बस स्टैंड से ऑटो में छर्रा अड्डा पहुंच गए। इस दौरान बैग ऑटो में रह गया, जिसमें कीमती सामान था। इस सूचना पर पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से कुछ ही देर में टेंपो ट्रेस किया और चालक भदेसी रोड के सोनू को बुलाया गया। उसने अपने टेंपो में छूटा बैग वापस कराया। इस पर वह खुशी खुशी घर गए।

## शिव सत्संग मण्डल का दीपोत्सव 2021 सम्पन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शिव सत्संग मण्डल,आश्रम हुसेनापुर धौकल में दीपोत्सव 2021 धूम धाम से सम्पन्न हो गया। प्रकाश पर्व पर विचार व्यक्त करते हुए मण्डल अध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि भारत में मनाया जाने वाला दीपावली पर्व आज एक वैश्विक पर्व बन चुका है जो नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मलेशिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड, जापान से अपनी यात्रा तय करता हुआ संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के व्हाइट हाउस तक एक अधिकृत पर्व की तरह स्थापित हो गया है। इसका कारण भारतीय दृष्टि और दर्शन की सोच का सर्वजनीन होना है जो राष्ट्रों की भौगोलिक सीमाओं और धर्म की परिधि से परे जाकर चहुंओर प्रकाश से संपूर्ण विश्व को आलोकित कर रहा है। जहां एक ओर यह पर्व भारत में अनेक युगों की स्मृति को स्वयं में संजोये है तो दूसरी ओर यह धार्मिक आस्थाओं को लांघता हुआ मानवीय उल्लास को प्रतिबिम्बित करता है। केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना ने कहा कि दीपावली का प्रकाश पर्व उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि सत्यम, शिवम और सुंदरम की परिकल्पना शिव की आराधना से ही साकार की जा सकती है। इसे भावनात्मक व्यावहारिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जानें।सदाशिव सदैव कल्याण करने वाले हैं। शिव ज्ञान की सरिता बह रही है। ज्ञान गंगा में आप स्नान करें।कहा कि दीपावली पर शिव योग से चिंतन करने से अलग प्रकार की अनुभूति होती है। शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।दीपोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर सामूहिक प्रार्थना से किया गया।आश्रम पर आये सभी सत्संगी बंधुओ ने एक दूसरे के सुख दुख की चिंता करते हुए सभी के मंगल की कामना की। इस पावन प्रकाश पर्व पर शिव सत्संग मंडल के व्यवस्थापक जमुनाप्रसाद, डॉक्टर प्रेम कुमार,महत्मा सतानंद, समाजसेवी अनुराग श्रीवास्तव,प्रदीप,महेश, बजरंगवली सिंह,योग प्रशिक्षक सत्यम सक्सेना और अन्य सत्संगी बन्धु उपस्थित रहे।

## महिला थाना परिसर अयोध्या में महिला थाना प्रभारी कुमारी रत्ना के नेतृत्व में हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ दीपावली का पर्व

अयोध्या। राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या : दीपों का पर्व दीपावली जहां एक ओर पूरे देश में गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।वहीं इसी कड़ी में अयोध्या जिले के महिला थाना प्रभारी कुमारी रत्ना ने अपने अधीनस्थ सभी पुलिसकर्मियों के साथ इस पर्व को महिला थाना परिसर अयोध्या में बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।इस मौके पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र के साथ–साथ नव भारत चेतना न्यूज चौनल के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव से एक खास मुलाकात ने बताया कि यह पर्व प्रकाश व प्रेम का पर्व है।इस पर्व को हम सभी को आपसी भाईचारे के साथ साथ मनाना चाहिए।वही इस पर्व के पावन अवसर पर हम सभी लोगों को अपने अपने घरों में गणेश लक्ष्मी हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि व सत्य के लिए भगवान से प्रार्थना करना चाहिए।इस मौके पर महिला थाना प्रभारी कुमारी रत्ना ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ गुरुवार को दीपावली के पावन पर्व पर जहां एक ओर रंगोली आज बनायी वहीं दूसरी कड़ी में इस मौके पर उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी पुलिसकर्मियों के साथ–साथ आतिशबाजी छोड़कर उन्होंने यह एहसास दिलाया कि सभी पुलिसकर्मियों को एक साथ मिलकर सभी पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने इन पुलिसकर्मियों को दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा कि हम लोग बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि हम सभी देशवासियों के



हित के लिए काम कर रहे है।क्योंकि पुलिस का कार्य हमेशा चुनौतियों से भरा रहता है। पर्व चाहे कोई हो हम सभी अपने परिवार से दूर रहकर देशवासियों के सेवा में लगे रहते हैं।इसलिए हम सभी को अपने परिवार की कमी ना हो इसलिये हम लोगों को साथ साथ सभी पर्व को एक साथ मनाना चाहिए।इसी को देखते हुए महिला थाना प्रभारी कुमारी रचना ने अपने अधीनस्थ सभी पुलिसकर्मियों के साथ महिला थाना परिसर में दीपावली पर्व को बहुत ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस मौके पर उनके अलावा कंचन यादव,नीलू शर्मा,शिवानी शर्मा, अंशिका,शिवानी,अर्चना जयललिता के अलावा अन्य कहीं महिला पुलिसकर्मी व आरक्षी शामिल रही।

## कुंभकरणीय नींद में सो रही भाजपा सरकार को किसानों की कोई फिक्र नहीं–अखिलेश यादव

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : प्रदेश की भाजपा सरकार की उदासीनता एवं अव्यवस्था के चलते उत्तर प्रदेश के किसानों को बुआई के इस मौसम में सुबह से शाम तक खाद्य वितरण केंद्रों पर लाइन में खड़े रहने के बाद भी डी०ए०पी०खाद नहीं मिल पा रही है किसान भाइयों को सरकार की अव्यवस्था से हो रही कठिनाई को लेकर अयोध्या कांग्रेसजनों ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव व महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल की अगुवाई में कचहरी गेट पर धरना/प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या के प्रतिनिधि को सौंपा जिला प्रवक्ता मोहम्मद शरीफ ने बताया कि ज्ञापन में महामहिम से मांग की गई है कि तत्काल उपरोक्त घटना को संज्ञान में लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को सुगमता से अन्नदाता भाइयों बहनों को खाद उपलब्ध कराने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दें। इस अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा पूरे उत्तर प्रदेश में डीएपी की जबरदस्त किल्लत है और बुंदेलखंड में तो हालत और भी बद से बदतर हैं जहां पर खाद लेने के लिए किसानों को कई दिन तक भूखे प्यासे लगातार लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है जिसके चलते कई किसानों की जाने जा चुकी हैं परंतु कुंभकरणीय नींद में सोई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के इस दुख दर्द को ना समझ कर यह साबित कर दिया है कि उन्हें उनकी कोई फिक्र नहीं अलबत्ता उनके ऊपर पुलिस लाठी चार्ज कराया जा रहा है जो अत्यंत निंदनीय है महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा किसान हमारे अन्नदाता हैं और इस बुआई के मौसम में खाद उपलब्ध ना होना प्रदेश सरकार की किसान विरोधी मानसिकता और उदासीनता को दर्शाता है ऐसे वक्त में कांग्रेस पार्टी किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है कांग्रेस वक्ताओं ने कहा पूर्व में भी केंद्र की भाजपा सरकार ने तीन किसान विरोधी काले कानून लाकर किसानों के साथ धोखा किया है और अब प्रदेश की भाजपा सरकार ने खाद्य ना उपलब्ध कराकर अपने किसान विरोधी होने का सबूत दिया है इन नेताओं ने कहा अगर किसान विरोधी भाजपा सरकार ना चेती और सुगमता से किसान भाइयों के लिए खाद उपलब्ध ना करवाया तो कांग्रेसजन सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह,उग्रसेन मिश्रा,प्रदेश सचिव सुनील पाठक,अब्दुल हकीम,अनिल सिंह,बलवीर सिंह कोरी,राजेश तिवारी बाबा,दिनेश चौधरी,अमरीश पांडे,रामनरेश मौर्य,लाल मोहम्म,प्रेम कुमार पांडे,नीलम कोरी,तेजबली पांडे,विजय पांडे,राजकुमार मौर्य,राजदेव वर्मा, अनंतराम सिंह,मंशाराम यादव,फ्लावर नकवी,विशाल वर्मा,नीरज शर्मा,शत्रोहन कोरी,अर्जुन यादव,शिवा यादव,अमरजीत रावत,राम बक्श रावत,रघुनाथ,शैलेंद्र विक्रम सिंह,विश्व प्रकाश मिश्रा,रज्जू,गिरजेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दाना पानी सेवा संस्थान ने दीपोत्सव कार्यक्रम में कपड़ा एवं मिठाई का वितरण किया–कुलभूषण साहू



अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।दाना पानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं रामायण शिक्षा संस्थान के प्रबंधक कुलभूषण साहू ने दीपावली के पर्व पर अपने क्षेत्र ग्राम फतेहपुर दर्शन नगर में महिलाओं एवं बालिकाओं को शाल कपड़ा एवं मिठाई का वितरण किया और बताया कि यह मेरा सौभाग्य है जो ग्राम वासियों एवं बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर मिलता रहता है वे बहुत भाग्यशाली होते हैं जो असहाय एवं बुजुर्गों के लिए कुछ करते हैं जो मुझे मिला यहां तक कि कुलभूषण साहू और उनकी सहयोगी मित्र जमुना यादव,त्यागी महंत बाबा वासुदेव एवं ग्राम वासियों ने मिलकर रामकुंड धर्मपुर अयोध्या पर 1101 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया इस मौके पर काफी ग्रामवासी भी उपस्थित थे। प्रबंधक कुलभूषण साहू हमेशा असहाय एवं ग्राम वासियों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम जगह–जगह चलाते रहते हैं।

## कहीं प्रधान के देवर कहीं पति तो कहीं बेटे की हूँकूमत : दरबारी बने सेकेट्ररी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : यूपी के विभिन्न जिलों में जमकर पंचायती राज का मखौल उड़ रहा है और शासनिक अधिकारी भी मजबूरन धृतराष्ट्र की भूमिका में हैं. कहीं प्रधान बनी भौजी के देवर प्रतिनिधि बने घूम रहे हैं, तो कहीं प्रधान पति भी खुद को ग्राम प्रधान कहकर गौरवान्वित ही नहीं कर रहे हैं बल्कि सुगंधित फूल की मालाएं पहन रहे हैं। ऐसे में प्रधान पूत कहां पिछड़ने वाले थे, वे भी ब्लाक में परधानी का ठेला सजा लिए हैं। पंचायती राज का सबसे बड़ा मखौल यह उड़ रहा है कि कुछ पथभ्रष्ट सेकेट्ररी भी इन्हीं मुखबोले प्रतिनिधियों के दरबारी बन बैठे हैं। जगजाहिर है कि पंचायती राज व्यवस्था में चुने गए जन प्रतिनिधि को अपना प्रतिनिधि नामित करने की व्यवस्था नहीं है। फिर भी कुछ ग्राम प्रधान अपने परिवार के सदस्यों को कार्यभार सौप देते हैं। जहां उक्त मुखबोले प्रतिनिधि अधिकारियों के सामने प्रधान बनकर पहुंचने लगते हैं। प्रस्ताव की आड़ में लूट–खसोट की शिकायतें भी बढ़ती है लेकिन प्रधानजी अंजान बने रहते हैं। ज्यादातर महिला जन प्रतिनिधि यह रवैया अपनाती हैं. हालांकि शासन द्वारा इस पर रोक लगा चुका है। इसके बाद भी यह चलन बरकरार है। सरकारी बैठकों में अक्सर प्रधान या बीडीसी की जगह इनके प्रतिनिधि प्रतिभाग करते हैं। हद तो तब समझिए जब कुछ गांव के सेकेट्ररी इन्हीं मुखबोले प्रतिनिधियों के इशारे पर चलने लगते हैं और दरबारी बन जाते हैं। ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान देना तो छोड़िए बल्कि कुछ प्रस्तावों में यही सेकेट्ररी अपनी जेब गर्म करते हुए मनमाफिक ठेकेदारों को काम देते हैं। विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की भनक किसी को ना लगे इसीलिए किसी कार्ययोजना का फलक बिना लगवाए ही कार्य करवाते रहते हैं। खैर कहावत है 'कभी ना कभी ऊंट भी पहाड़ के नीचे आता है। ऐसी स्थिति पंचायती राज का यह मखौल संबंधित लोगों के गले की फांस भविष्य में बनना तय है।

## धनतेरस,छोटी दीपावली,बड़ी दीपावली,गोवर्धन पूजा व भैया दूज सहित हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ पर्व

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली का पर्व पाँच दिनों तक लगातार हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ।इस मौके पर जहां एक ओर प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में पाँचवे दीपोत्सव को भव्य रुप से मनाया गया।जिसमे जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित उनके कैबिनेट के मंत्रियों ने व अन्य साधु–संतों ने इस पावन पर्व पर शामिल होकर पांचवे दीपोत्सव को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।वहीं इसी कड़ी में दीपावली का पावन जो कि अनवरत पाँच दिनों तक रहता है यानी कि मंगलवार को धनतेरस बुधवार को छोटी दीपावली गुरुवार को बड़ी दीपावली शुक्रवार को गोवर्धन पूजा और शनिवार को यम द्वितीया भैया दूज का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक लोगों ने अपने–अपने घरों व मंदिरों में मनाया।इस मौके पर जहां एक ओर राम नगरी अयोध्या में गोवर्धन पूजा के दिन छप्पन भोग का अन्नकूट का आयोजन किया गया वहीं इसी कड़ी में देशवासियों ने दीपावली पर्व पर अपने–अपने घरों मंदिरों में दीपक जलाकर जहां इस पर्व को मनाया।इसके अलावा दूसरी तरफ आज शनिवार को सभी लोगों ने भैया दूज यम द्वितीया पर्व को भी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।मालूम हो कि पूर्व नियोजित कार्यक्रम के मुताबिक चार वर्षों की भाँति



इस वर्ष भी राम नगरी अयोध्या में पांचवा दीपोत्सव बड़े ही भव्य तरीके से मनाया गया।जिसका असर यह दिखा कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश पर शासन प्रशासन ने पिछले साल की तुलना में इस बार अधिक यानी कि 9:50 लाख से अधिक दीपक जला कर नया कीर्तिमान रचा।वहीं दूसरी तरफ अयोध्या के साथ–साथ पूरे देश में दीपावली पर्व के साथ–साथ पांचों दिनों तक धनतेरस छोटी दीपावली बड़ी दीपावली गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज का पर्व भी हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें खासकर कायस्थ लोगों ने अपने आराध्य देवता भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर इस पर्व को भी हर्षोल्लास पूर्वक मनाया।कुल मिलाकर इस साल प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में दीपोत्सव के साथ–साथ दीपावली का यह पर्व हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ।

## युवक ने पत्नी पुत्र संग मिलकर वृद्ध बेवा महिला को किया लहूलुहान : पुत्र की तहरीर पर हुआ मुकदमा दर्ज

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : रूदौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने अपने परिवार के साथ मिलकर अपने ही पड़ोस की वृद्ध बेवा महिला को पीटकर लहूलुहान कर दिया।परिजनों ने घायल महिला को सीएचसी रूदौली भर्ती कराया है। मामला रुदौली कोतवाली की शुजागंज चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा ऐथर का है जहां के निवासी सुरजीत कुमार ने बताया कि मेरी विधवा माता मोहरकला अपने दरवाजे पर जानवरों को चारा खिलाने की नांद के पास गोवर उठाने के लिए गई थी तभी मेरे ही गांव निवासी अजय पाठक और उनके पुत्र शिवम पाठक व पत्नी पिंटू देवी ने उनकी लात घूंसों व डंडों से वृद्ध महिला को पीट रहे थे जब तक शोर गुल सुनकर पड़ोस के लोग दौड़े तो उक्त तीनों लोग महिला को लहूलुहान कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की सहायता से वृद्ध महिला एम्बुलेंस से सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया गया है जहां घायल महिला का इलाज चल रहा है।इस घटना की लिखित तहरीर वृद्ध महिला के पुत्र सुरजीत कुमार ने रूदौली में आरोपियों के विरुद्ध दी।जिसपर कोतवाली रुदौली में तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच कर रही है।इस सम्बंध में कोतवाल विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि वृद्ध महिला के बेटे की तहरीर पर आरोपी युवक उसके पुत्र व पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## खेत मे गड़े खूंटे को लेकर भाई – भाई में विवाद

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मवई थाना क्षेत्र के कामापुर गांव में खेत मे आवारा जानवरों से बचाव के लिए गड़े खूंटे को उखाड़ने को लेकर हुए विवाद में एक युवक व उसकी पत्नी बुरी तरह घायल हो गई।महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक मवई थाना क्षेत्र के कामापुर गांव निवासी राम प्रसाद अपने खेत मे धान का पैरा काटने के बाद ट्राली से चारा लाने के लिए गया हुआ था तभी उनके भाई रामकुमार की लड़की खेत आई और खूंटे को लेकर गाली गलौच करने लगी जिसकी शिकायत राम प्रसाद ने अपनी भाई से किया जिसके बाद कहासुनी होने लगी और देखते ही देखते लोगो ने मारपीट शुरू कर दिया।जिससे राम प्रसाद और उनकी पत्नी अनीता बुरी तरह घायल हो गई जिन्हें पुलिस ने सीएचसी मवई पहुचाया जहाँ से चिकित्सको ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।वही अनीता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामकुमार,नीलू,पप्पू उर्फ राजेश यादव के विरुद्ध मारपीट और गाली गलौज का केस दर्ज किया है।मवई थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक आरसी यादव ने बताया कि मारपीट मामले में तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## पेट्रोल–डीजल के दाम मे कमी : राजनीति व कूटनीति के साथ लोकतंत्र में अर्थशास्त्र के मिश्रण का अद्‌भुत खेल

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर पांच रुपया,डीजल पर दस रुपया एक्साइज ड्यूटी कम कर दिया तो प्रदेश सरकार ने भी पेट्रोल पर सात और डीजल पर दो रुपया वैट कम करके महंगाई पर बोलने वालो का मुंह बंद करने का प्रयास किया है और जनता भी खुश होकर सरकार का गुणगान कर रही हैं। जितना सरकार ने दाम कम नही किया उससे ज्यादा वसूल चुकी है।दाम बढ़ाकर एकाएक कम कर देना सोचिए ! ? क्या यही राजनीति और कूटनीति का मिश्रण है। उदाहरण के लिए हमे 100 से 110 रु वसूली का लक्ष्य लेना है और लोगो की नाराजगी भी देखनी है तो मूल्य धीरे धीरे 120 कर देंगे उसके बाद जनता की सहानभूति के लिए कुछ दिन बाद 10–कम कर देंगे।तो यहां जनता की सहानभूति भी मिल गई और हमारा लक्ष्य भी पूरा हो गया।इसे राजनीति में अर्थशास्त्र का मिश्रण कह सकते है। जनता मूर्ख थीं,जनता मूर्ख है और जनता मूर्ख रहेगी,राजनीति करने वाले राजनीति कर गए। तेल की दामों में जिस तेजी से इजाफा हुआ उतनी तेजी से कमी नहीं हुई।अगले वर्ष कुछ राज्यों में चुनाव होना है जिसपर सरकार जनता की नब्ज टटोलने लगी है चुनाव होने तक इसके मूल्यों में इजाफा होने की उम्मीद नहीं है तब तक राहत की सांस ले सकते है। अक्टूबर माह में ही अकेले तेल की दामों मे करीब 10 की वृद्धि हुई। लोकतंत्र में सब कुछ जायज है। जनता वोट देते समय सही चुनाव नही करती और पांच साल तक उसे अपने ही मूर्ख बनाकर शासन करते है। धन्य है लोकतंत्र,धन्य हैं यहां की जनता और धन्य है यहां के जन प्रतिनिधि जो अपने लिए,अपनो के द्वारा अपने लोगो को ही मूर्ख बना कर अपनो पर ही शासन करते हैं।

## 661 करोड़ रुपए के 50 प्रोजेक्ट की मिली सौगात

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास को नई दिशा देते हुए 556 करोड़ की 24 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। जबकि 105 करोड़ की 26 परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया।बुधवार को रामकथा पार्क में आयोजित प्रभु श्रीराम राज्याभिषेक समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने रामनगरी को विकास की ये सौगातें सौंपी। इसी कड़ी में उन्होंने अयोध्या शोध संस्थान की ओर से प्रकाशित तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया। इनमें अयोध्या के यतींद्र मिश्र की परंपरा, संस्कृति व विरासत, प्रयागराज के डॉ. जितेंद्र सिंह संजय की श्रीराम की अयोध्या और बृजेश सिंह की तीर्थोत्तमा अयोध्या पुस्तक शामिल है। मुख्यमंत्री ने डाक विभाग व अवध विश्वविद्यालय की ओर से दीपोत्सव–2021 पर केंद्रित विशेष आवरण का भी विमोचन किया।

## कुमारगंज रेंज में धड़ल्ले से हो रही हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : कुमारगंज वन रेंज में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान थमने का नाम नहीं ले रही है। वन कर्मियों एवं स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से लकड़ कट्टे हरे भरे पेड़ों पर बिना परमिट के दिनदहाड़े आरा चला रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद भी वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और पुलिस कर्मी अपने संरक्षण में पल रहे लकड़ी ठेकेदारों पर कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना कुमारगंज अन्तर्गत पुलिस चौकी देवगांव क्षेत्र के घोड़वल प्राथमिक विद्यालय से लगभग 200 मीटर दूरी पर प्रतिबंधित हरा–भरा महुआ का पेड़ काटा जा रहा है। बीते एक सप्ताह के अंदर आधा दर्जन से अधिक हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ काटे गए हैं। गुरुवार को रघोड़व गांव निवासी पेड़ मालिक अजय पांडे पुत्र हेमराज पांडे, राघव राम पांडे, राहुल पांडे, देशराज पांडे के बाग में हरे भरे विशालकाय महुआ के पेड़ का अवैध कटान चल रहा था इसकी शिकायत ग्रामीणों सहित सह खातेदार लोगों ने 112 नंबर डायल कर पुलिस पीआरबी टीम सहित कुमारगंज वन क्षेत्राधिकारी तक को दिया किंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के कान में जूं नहीं रेंगी और लकड़ी ठेकेदार अमीन तथा नियाज मौके पर खड़े होकर मजदूरों से हरे–भरे विशालकाय महुआ के पेड़ की अवैध कटान कराते रहे। इस संबंध में जब वन क्षेत्राधिकारी आरपी सिंह से जानकारी की गई तब उन्होंने कहा कि अभी 3 दिन पूर्व प्रतिबंधित पेड़ की काटी गई लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली समेत पकड़ कर रेंज कार्यालय लाई गई थी जिसे जुर्माना करने के उपरांत ही छोड़ा गया है ।हालांकि अवैध कटान के मामले को दिखावा कर कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार से हरे पेड़ों की अवैध कटान के मामले में केवल लकड़ी ठेकेदारों पर जुर्माना ठोक कर विभाग पल्ला झाड़ लेता है और जिम्मेदार अधिकारी अपने अधीनस्थों पर मेहरबान हो जाते हैं काश उनके भी विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही हो जाए तब शायद हरे भरे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटान रुक सकती है।

## अयोध्या की रामलीला विश्व यात्रा पर

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : रामनगरी की रामलीला" विश्व की सबसे बड़ी रामलीला विश्व यात्रा पर निकली है।प्रभु की लीला का मंचन करने अयोध्या की राम लीला विश्व यात्रा पर निकली है। अयोध्या की रामलीला के अध्यक्ष और ऑर्गेनाइजर सुभाष मलिक (बॉबी )जी ने बताया अयोध्या की रामलीला भगवान श्री राम की रामलीला है, उसे भगवान श्री राम के भक्तों के निवेदन पर हम लोग विश्व भर में अयोध्या की रामलीला का आयोजन करने जा रहे हैं। जिसकी शुरुआत हमने अयोध्या से करी। भगवान श्री राम की पावन धरती पर जिसे भगवान श्री राम के भक्तों ने 20 करोड़ से भी ज्यादा देखा और पिछले वर्ष 16 करोड से भी ज्यादा ने देखा था और इस वर्ष अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए 20 करोड़ भक्तों ने देखा। 26 दिसंबर को पटना बिहार में अयोध्या की रामलीला का आयोजन होने जा रहा है।जिसमें राम की भूमिका में राहुल बुच्चर और मां सीता की भूमिका में शुभी शर्मा जो भोजपुरी की जानी–मानी स्टार हैं और जिन्होंने कई बड़ी बड़ी फिल्में करी है वो माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। भोजपुरी मेगा स्टार और सांसद मनोज तिवारी परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे।वहीं प्रसिद्ध अभिनेता शाहबाज खान रावण की भूमिका में नजर आएंगे और भरत की भूमिका में कैप्टन राज माथुर जो कई फिल्में कर चुके है वो अयोध्या की रामलीला में भरत की भूमिका में नजर आएंगे। बड़ी–बड़ी हस्तियां और कई बड़े–बड़े बॉलीवुड स्टार और भोजपुरी स्टार अयोध्या की रामलीला में नजर आएंगे। अयोध्या की रामलीला के जनरल सेक्रेटरी व क्रिएटिव डायरेक्टर शुभम मलिक ने बोला कि अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है और हम इस रामलीला को विश्व के हर कोने कोने में करेंगे। भगवान श्री राम और बजरंगबली के आशीर्वाद से हमारी यही इच्छा है कि अयोध्या की रामलीला विश्व भर में फैले।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हमारी अयोध्या की रामलीला को शुभकामनाएं दी यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और संस्कृति मंत्री नीलकंठ तिवारी जी की प्रेरणा से यह रामलीला विश्व भर में कर रहे हैं। भक्तों की भारी माँग पर पटना में 26 दिसंबर को होने जा रही है। जनवरी में गोवा, फरवरी में हरियाणा के अंबाला, मार्च में मुंबई में, अप्रैल में केरला में और मई में नेपाल में जो माता सीता की जन्म भूमि है, जून में मलेशिया में, जुलाई में इंडोनेशिया में, अगस्त में हम लोग जयपुर राजस्थान में, सितंबर में हम लोग गुजरात में करेंगे फिर वापस भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या में अयोध्या की रामलीला को आयोजन होगा। ऐसे ही हम लोग विभिन्न देश विदेशों में प्रभु की लीला का आयोजन करेंगे और इससे बड़ी प्रसन्नता हमारे लिए कुछ ओर नहीं।

## सरकार की योजना चुनाव से पहले 23 हजार सरकारी नौकरी के लिए शुरू होगी भर्तियां

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : साढ़े चार वर्षों में 4.5 लाख लोगों को नौकरी देने वाली योगी सरकार विधानसभा चुनाव से पहले मिशन रोजगार को और विस्तार देगी। समूह 'ग' की भर्तियों के लिए पिछले माह प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) का रिजल्ट घोषित करने के बाद उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अब स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के 9212, राजस्व लेखपालों के 7882 रिक्त पदों समेत लगभग 23 हजार पदों पर भर्तियों के लिए मुख्य परीक्षाएं आयोजित करेगा। पीईटी के रिजल्ट के आधार पर ही मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट किया जाएगा। पीईटी का स्कोर एक वर्ष के लिए मान्य है। इसलिए आयोग की कोशिश है कि वह ज्यादा से ज्यादा भर्तियां करे। इस उद्देश्य से आयोग दिसंबर से प्रत्येक माह दो मुख्य परीक्षाएं आयोजित करने की योजना पर काम कर रहा है। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भर्ती के लिए आयोग दीपावली के बाद नवंबर में विज्ञापन निकाल कर दिसंबर में मुख्य परीक्षा आयोजित करने की तैयारी कर रहा है। आयोग राजस्व लेखपालों के तकरीबन 8000 रिक्त पदों पर भी भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा आयोजित करने की तैयारी भी कर रहा है। हालांकि अभी इसमें पेच है। राजस्व लेखपालों के 7882 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए राजस्व परिषद ने आयोग को पहले से जो प्रस्ताव भेज रखा है, उसमें चयन के लिए ट्रिपल सी सर्टिफिकेट को भी अनिवार्य किया गया है। वहीं लेखपालों की सेवा नियमावली में अभी तक ट्रिपल सी सर्टिफिकेट को अनिवार्य शैक्षिक योग्यता में शामिल नहीं किया गया है। यदि ट्रिपल सी सर्टिफिकेट को भर्ती के लिए अनिवार्य करना है तो आयोग की ओर से विज्ञापन जारी होने से पहले लेखपाल सेवा नियमावली में इस संबंध में संशोधन करना होगा। दूसरा मुद्दा यह है कि राजस्व परिषद ने अब सभी मंडलायुक्तों से मंडलवार रिक्तियों का ब्योरा तलब किया है। सूत्रों के अनुसार राजस्व परिषद की मंशा है कि आयोग लेखपाल भर्ती के लिए मंडलवार विज्ञापन निकाले और उनका परीक्षा परिणाम भी जारी करे। इसमें कई व्यावहारिक कठिनाइयां हैं।

## नौ आशा बहू कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्त

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानीगंज के तहत कार्यरत 9 आशा कार्यकर्ताओं कि जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन के बाद सेवा समाप्त कर दी गई है। बड़े पैमाने पर आशा कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्ति के बाद हड़कंप मच गया है।सीएचसी खंडासा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तालढोली, कोटडीह, डूड़ी, टंडवा, जिगनाही, बरौली, कुदुर्रखाकला एवं गहनाग गांव की आशा बहू की सेवाएं समाप्त की गई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि तैनात आशा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि कुछ आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। और कुछ आशा कार्यकर्ताओं द्वारा डिलीवरी व टीकाकरण में लगातार रुचि नहीं ली जा रही थी तथा कुछ पूर्ण रुप से निष्क्रिय पाई गई उन सभी आशा कार्यकर्ताओं की जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदनोपरांत सेवा समाप्त की गई है। बड़े पैमाने पर आशा बहू कार्यकर्ताओं की सेवा समाप्ति किए जाने के बाद हड़कंप मच गया है। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक एक हजार की आबादी पर एक आशा बहू कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है। आशा बहू कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, डिलीवरी, नसबंदी तथा बच्चों का टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।